प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया–2024 का करेंगे उद्‌घाटन।
- राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेन्ट समिट के सिलसिले में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और प्रतिनिधि मंडल का दक्षिण कोरिया का दौरा सम्पन्न–अब जापान में किया जायेगा निवेशको को आमंत्रित।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उदयपुर में वाणिज्य और कर विभाग के संयुक्त आयुक्त को आठ लाख रूपये की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार।
- प्रदेश में अब सड़क दुर्घटना में घरेलू महिला की मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को भी दिया जाएगा मुआवजा ।

○ .......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया–2024 का उद्‌घाटन करेंगे। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का विषय है– **"सेमीकंडक्टर के भविष्य को आकार देना"।** सम्मेलन का उद्देश्य भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति और नीति का प्रदर्शन करने के साथ ही भारत को सेमीकंडक्टर के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास पर सेमीकंडक्टर एक्जीक्यूटिव्स के सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए इस बात पर जोर दिया कि देश के पास विविध सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय भागीदार बनने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर डिजिटल युग का आधार है और वह दिन दूर नहीं जब सेमीकंडक्टर उद्योग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए भी आधार होगा।

.......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि युवाओं को रोजगार देने के लिए कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपनी दक्षिण कोरिया की यात्रा के दूसरे दिन कल सियोल के तकनीकी हाई स्कूल का दौरा किया। श्री शर्मा ने छात्रों के बीच नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली पहलों, स्कूल के एडवांस्ड टेक्निकल सेंटर को भी देखा तथा छात्रों के साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्कूल को राजस्थान में भी अपना संस्थान स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। इस बीच मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले उच्चस्तरीय तकनीकी मंडल ने विभिन्न दक्षिण कोरियाई कंपनियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा, स्टोन्स और माइनिंग जैसे क्षेत्रों में व्यवसाय का विस्तार करने के लिए दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने रूचि दिखाई। इन बैठकों के साथ, राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल का दक्षिण कोरिया का दौरा पूरा हो गया है और अब 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों के मद्देनजर यह प्रतिनिधिमंडल जापान की यात्रा करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और राज्य सरकार के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।

.......................

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत मात्र आठ दिनों में दो करोड़ से अधिक नए सदस्य पार्टी से जुड़े हैं। इस अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर को पहला सदस्य बनकर की। पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि अभियान के सिलसिले में नौ राज्यों के पदाधिकारियों के साथ भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और संगठन महासचिव बी एल संतोष ने अलग–अलग समीक्षा की है। इन राज्यों में राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात शामिल हैं।

.......................

केन्द्र सरकार ने कहा है कि साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने के कारण एक करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। लगभग दो लाख 27 हजार मोबाइल हैंडसेट भी

ब्लॉक किए गए। दूरसंचार विभाग ने कहा है कि इन कनेक्शनों की पहचान संचार साथी पहल से की गई थी। पिछले एक पखवाड़े में तीन लाख पचास हजार से अधिक स्पैम नंबरों को भी बंद कर दिया गया है। 50 संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है। विभाग ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के सहयोग से उच्च गति डेटा के साथ स्पैम मुक्त गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवा प्रदान करने के लिए कई उपाय किए हैं।

.......................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की उदयपुर इकाई ने वाणिज्य और कर विभाग के संयुक्त आयुक्त रविन्द्र जैन को आठ लाख रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि परिवादी से ये राशि उसके रिसोर्ट का, जीएसटी टीम की ओर से किये गये सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही नहीं करने और आईटीसी क्लेम का फायदा करवाने के एवज में मांगी गई थी। परिवादी की ओर से शिकायत मिलने पर एसीबी ने ये कार्रवाई की। आरोपी से पूछताछ के साथ ही उसके घर और अन्य ठिकानों की तलाशी की जा रही है।

.......................

प्रदेशभर में राधाष्टमी का पर्व आज परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में विभिन्न आयोजन हो रहे है। सवाईमाधोपुर में मंदिरों में आकर्षक झांकियां सजायी गई है। बारां में शहर के सबसे बडे कल्याण राय जी मंदिर में विशेष सजावट की गई है। वहां भजन कीर्तन के आयोजन हो रहे है। टोंक और निवाई में मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। बालोतरा के खेड स्थित भगवान रणछोड राय मंदिर में इस अवसर पर मेला भरा है। मेले में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। भरतपुर के मंदिरों में सुबह राधाजी का अभिषेक किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से श्रद्धालु पहुंच रहे है और राधारानी का गुणगान कर आस्था प्रकट कर रहे है।

.......................

प्रदेश में अब सड़क दुर्घटना में घरेलू महिला की मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को भी मुआवजा दिया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मोटर दुर्घटना प्रकरणों में घायलों और मृतको के आश्रितों के मामलो के जल्द निपटारे के लिए जारी की गई नई गाइड लाइन में ये प्रावधान किया गया है। इसके तहत ऐसे मामलों में श्रम विभाग की ओर से दी जा रही वार्षिक न्यूनतम मजदूरी दर से मुआवजा राशि की गणना की जाएगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्री ने बताया कि नई गाइड लाइन में स्थाई निशक्तता को लेकर दी जाने वाली राशि को भी बढा दिया गया है।
उन्होंने बताया कि पिछली गाइड लाइन में सभी प्रकार की शारीरिक क्षति को शामिल नहीं किया गया था। नई गाइड लाइन में हड्डी टूटने के लगभग सभी मामलों को शामिल किया गया है।

.......................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बरसात का दौर जारी है। टोंक में कल रात से बरसात हो रही है। करौली और भरतपुर में देर रात से लगातार रूक–रूक कर पानी बरस रहा है। सवाईमाधोपुर सहित आसपास के कई इलाकों में सुबह हल्की बरसात हुई। डीग में आज सुबह तेज बरसात हुई। अजमेर में बादल छाये हुए है और रिमझिम बरसात का दौर जारी है। कल जिले के प्रभारी सचिव नवीन जैन ने विभिन्न स्थानों का दौरा कर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने फॉयसागर झील की पाल की सुरक्षा के बारे में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। डूंगरपुर में पिछले दिनों से चल रही बारिश से सागवाडा का लोडेश्वर बांध छलक गया है। इस बांध से इस क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की जा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज भरतपुर, धौलपुर, करौली, बारां, भीलवाडा, अलवर और दौसा जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बरसात तथा कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना हैं। साथ ही जयपुर, सवाईमाधोपुर, टोंक, बांसवाडा, कोटा, जालौर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर और प्रतापगढ में हल्की से मध्यम बरसात के आसार है।

.......................